# नवाबगंज में 48 घंटे से बिजली गुल, बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

## बीजेपी विधायक ने एक्स पर मांगी बिजली, समाजवादी पार्टी बोली- स्मार्ट मीटर लगाकर प्रदेश को लूट रहे ऊर्जा मंत्री

संवाददाता, गोंडा

▶▶ बीजेपी विधायक रमापति शास्त्री के ट्वीट पर मचा बवाल, सपा प्रवक्ता ने सरकार को घेरा

**अमृत विचारः** बिजली आपूर्ति की बहाली को लेकर योगी सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री के एक ट्वीट पर बवाल मच गया है। पूर्व मंत्री के ट्वीट पर चुटकी लेते हुए सपा प्रवक्ता ने ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता ने पूर्व मंत्री के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा है कि कई जिलों से बिजली नदारद है। ऊर्जा रील मंत्री आईएएस अफसर हैं और स्मार्ट मीटर लगाकर यूपी को लूट रहे हैं।

नवाबगंज इलाके में 48 घंटे से बिजली गुल है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। खुद बीजेपी विधायक रमापति शास्त्री के घर पर 48 घंटे से बिजली नहीं है। रमापति शास्त्री योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में होती है। वर्तमान में वह मनकापुर(सु) सीट से विधायक हैं। नवाबगंज में उनका आवास है। नवाबगंज उपकेंद्र की बिजली दो दिन से बाधित है। पिछले 48 घंटे से पूरे कस्बे में बिजली नहीं हैं। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बिजली न मिलने से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। लोग परेशान नजर आ रहे हैं। खुद पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा विधायक रमापति शास्त्री के घर पर भी 48 घंटे से बिजली नहीं है। बिजली न मिलने के चलते रमापति शास्त्री ने एक्स पर बिजली विभाग के एमडी, मुख्य सचिव और गोंडा डीएम को टैग करके पोस्ट कर लिखा है कि 48 घंटे से नवाबगंज की बिजली गायब है। नवाबगंज में लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। कृपया संज्ञान में लेकर के समस्या का निस्तारण करें। अपने ट्वीट में उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री व जिले के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व मुख्यमंत्री योगी के कार्यालय को भी टैग किया है। बीजेपी विधायक के ट्वीट पर चुटकी लेते हुए सपा ने इसे रीट्वीट कर ऊर्जा मंत्री पर निशाना साधा है। सपा प्रवक्ता आईपी सिंह ने लिखा है कि "प्रदेश के कई जिलों में बिजली नदारद है। ऊर्जा रील मंत्री आईएएस अफसर हैं और वे स्मार्ट मीटर लगाकर यूपी को लूट रहे हैं। 48 घंटे से बिजली न मिलने को लेकर अनेक बार के पूर्व कैबिनेट मंत्री व मनकापुर से भाजपा विधायक रमापति शास्त्री अब पोस्ट करके समस्याओं के निस्तारण की मांग कर रहे हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है लोगों को बिजली समय से मिल ही नहीं रही है"।

वहीं इस संबंध में मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया कि आंधी चलने के चलते कई जगह विद्युत खंभे गिर गए थे। जिसके चलते सप्लाई नहीं मिल पाई है। लगातार पानी भी बरस रहा था। समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारी मौके पर गए हैं।


रमापति शास्त्री, पूर्व कैबिनेट मंत्री व मनकापुर विधायक। अमृत विचार



सोशल मीडिया साइट एक्स पर की गयी विधायक की पोस्ट। अमृत विचार

### करनैलगंज में ट्रांसफार्मर खराब, विद्युत व्यवस्था बेपटरी

**करनैलगंज :** करनैलगंज विद्युत उपकेंद्र पर 5 एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दूसरे ट्रांसफार्मर के माध्यम से दो-दो घंटे की कटौती करके एक दूसरे फीडर को दो दो घंटे की बिजली आपूर्ति की जा रही है। अभी 3 दिनों तक ट्रांसफार्मर सही होने की उम्मीद नहीं है।

करनैलगंज विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाले पांच अलग-अलग फीडर के साथ करनैलगंज नगर की बिजली आपूर्ति में बेपटरी हो गई है। शनिवार को पावर हाउस से पूरे क्षेत्र को सप्लाई देने वाला बिजली का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे अब दूसरे ट्रांसफार्मर के माध्यम से सभी फ़ीडरों को दो-दो घंटे की आपूर्ति और कटौती की जा रही है। नगर क्षेत्र में रात्रि की बिजली कटौती मुक्त जारी रहती है। दिन में कटौती



की गई। मगर ग्रामीण क्षेत्र में भभुआ, कस्तूरी, जरवल, कटरा, परसपुर आदि ऐसे फीडर हैं जिनको सीधे बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बल्कि दो-दो घंटे की कटौती करके एक दूसरे फीडर की सप्लाई दी जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारी विद्यासागर ने बताया कि 5 एमबीए का ट्रांसफार्मर खराब हुआ है जो जिले में नहीं है। बाहर से मंगाया जा रहा है। जिसे आने में 3 से 4 दिन लग सकते हैं। तब तक इसी तरह बिजली आपूर्ति और कटौती जारी रहेगी। नवरात्रि में बिजली कटौती न हो इसके लिए नए ट्रांसफार्मर की स्थापना कराई जा रही है।

# घाघरा ने फिर लांघा खतरे का लाल निशान

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** मौजूदा बरसाती सीजन में घाघरा के प्रकोप को खत्म मानकर चल रहे बाढ़ खंड व प्रशासन के मंसूबों पर घाघरा ने पानी फेर दिया है। बिगत दिनों से खराब हुए मौसम के बाद से एकाएक घाघरा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई। जिसके बाद डेंजर लेबल से करीब 84 सेमी नीचे पहुंच चुकी घाघरा के जलस्तर में फिर से इजाफा शुरू हो गया। जो देखते ही देखते बढ़कर खतरा बिंदु को लांघ कर 12 सेमी ऊपर पहुंच गया।

विगत बुधवार को गिरजा, शारदा व सरयू बैराजों से जहां घाघरा में कुल 94 हजार 830 क्यूसेक का डिस्चार्ज हो रहा था। वहीं खराब मौसम के चलते यह बढ़कर शनिवार को 2 लाख 88 हजार 732 क्यूसेक जा पहुंचा। जिससे घाघरा के जलस्तर में बेतहासा बढ़ोत्तरी शुरू हो गई। घाघराघाट एल्गिन ब्रिज स्थित केन्द्रीय जल आयोग संस्थान से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार रविवार दोपहर 12 बजे नदी का जलस्तर 106.196 दर्ज किया गया। जो डेंजर लेबल से 12 सेमी ऊपर था। तो वहीं घाघरा में रविवार को भी 2 लाख 29 हजार 33 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज लगातार जारी था। घाघरा के इस बदले रूख को देखते हुए एक बार फिर प्रशासन, बाढ़ खण्ड सहित मांझा में रहने वाले लोग सावधान हो गए हैं। बाढ़ खंड ने जहां बांध पर चौकसी बढ़ा दी है वहीं तहसील प्रशासन ने भी राजस्व कर्मियों को घाघरा पर नजर रखने व बाढ़ चौकियों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए है। वहीं इन सरकारी इंतजामों से अलग मांझा इलाके के लोगों का कहना है कि अभी बाढ़ का खतरा आने वाले कुछ महीनों तक उनके ऊपर मंडराता रहेगा। उधर बांध के भीतरी भाग में रहने वाले लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही है।


बहुअन मदार माझा गांव के पास घाघरा का रौद्र रूप। अमृत विचार

**मुश्किल**

▶▶ खराब मौसम से बढ़ा बैराजों का डिस्चार्ज

▶▶ नहीं खत्म हो रहीं बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां

"हालांकि घाघरा का जलस्तर बढ़ा हैं। लेकिन वह सामान्य तरीके से नदी में होकर ही निकल जाएगा। अभी नदी से बाहर पानी आने की कोई संभावना नहीं है।

-**अमरेश सिंह**, सहायक अभियंता

अभी पानी और बढ़ने की संभावना है। जिसको लेकर बाढ़ से जुड़े सभी कर्मियों को एलर्ट रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिससे वे आपात स्थिति में समय से पहुंच कर अपनी सेवाएं दे सकें।

**भारत भार्गव**, उपजिलाधिकारी, तहसील करनैलगंज"

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोंडा :** ट्रक से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर जांच मे जुट गयी है।

गोंडा- बहराइच मार्ग स्थित नवीन गल्ला मंडी के सामने इमलिया गुरदयाल गांव के रहने वाले श्याम जी श्रीवास्तव (35) वर्ष किसी काम से सड़क पर आए थे सड़क पार करते समय तेज गति से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। बताया जाता है कि श्याम जी की मौत मौके पर हो गई। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जाम को कड़ी में मेहनत के बाद हटाया। घटना से मृतक के घर कोहराम मचा हुआ है। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है नगर कोतवाल मनोज पाठक ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

## चीन से आयातित लहसुन की बिक्री पर की छापेमारी


जांच करती औषधि खाद्य प्रशासन की टीम। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** चीन के लहसुन पर प्रतिबंध के बाद बिक्री किए जाने की आशंका को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने उतरौला रोड स्थित फल एवं सब्जी मंडी में छापेमारी किया। चीन में उत्पादित लहसुन पर वर्ष 2014 में सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन तस्करी कर बिक्री की जा रही थी।

मामला उच्च न्यायालय पहुंच था जिस पर न्यायालय ने चीन से आयातित लहसुन के भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था आदेश के अनुपालन में रविवार को खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने सब्जी मंडी पहुंचकर व्यापारियों के दुकानों पर छापेमारी कर चीन से आए हुए लहसुन के बारे में जानकारी ली, हालांकि किसी दुकानदार के पास चीन के लहसुन के उपलब्ध नहीं पाई गई। छापेमारी करने गई टीम ने सभी व्यापारियों को चीनी लहसुन पर प्रतिबंध लगने की जानकारी देते हुए न बेचने के सख्त निर्देश दिए हैं। टीम ने चेतावनी दी है यदि कोई भी व्यक्ति चीन से आए हुए लहसुन की बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों का प्रदर्शन सड़क गड्ढे में तब्दील

संवाददाता, तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र के जुझारीपुर गांव की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है जिसमें पानी भरा हुआ है। आने जाने में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय ब्लाक के जुझारीपुर गांव में बनी सड़क गड्ढे में तब्दील हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है जिससे गांव वाले परेशान हैं। रविवार को गांव वालों ने सड़क निर्माण के लिए एकजुट होकर प्रदर्शन किया और कहा कि जुझारीपुर गांव के नाम से ग्राम पंचायत बनी हुई है और इसी के नाम से यहां ग्राम प्रधान चुने जाते हैं लेकिन इस गांव के लिए कुछ नहीं करते हैं। चुनाव के बाद देखने तक नहीं आते हैं। गांव के करिया यादव ने बताया कि गड्ढा में तब्दील सड़क से ही आते जाते हैं और इसी गड्ढे में गिरकर उनका पैर टूट चुका है। आने जाने वाले काफी लोग गिरकर घायल हो गए हैं। चुनाव के वक्त सभी प्रत्याशी कहते हैं कि जीतने के बाद बनवा देंगे लेकिन आज तक कोई देखने नहीं आया है। लगभग पांच वर्षों से ये सड़क इसी स्थिति में है। राममोहन ने बताया कि इस सड़क की शिकायत कई बार उपजिलाधिकारी से भी कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि गांव की ये मुख्य सड़क है और इस गांव में 100 से ज्यादा घर हैं। जो इसी पानी से होकर आते जाते हैं। ग्राम प्रधान रामदयाल तिवारी ने बताया कि सड़क काफी खराब है। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और प्रस्ताव भेज दिया गया है। बजट आने पर सड़क निर्माण कराया जायेगा।

## युवती के मोबाइल पर भेजा अश्लील मैसेज

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचारः** युवती के मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजना एवं फोन करके अभद्रता करना युवक को महंगा पड़ गया। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसकी लड़की के मोबाइल फोन पर करीब एक माह से कई नंबरों से फोन करके व अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। मना करने पर जान से मारने की धमकी व गाली दे रहा है। उनकी लड़की के अस्तित्व पर लांछन लगा रहा है। जिससे वह काफी परेशान है। इस सम्बध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर लोहंगपुर निवासी आकाश कुमार मिश्रा पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी है।

**मुकदमा दर्ज**

### खरगूपुर में युवती से छेड़छाड़ पर केस दर्ज

युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली एक युवती इसी गांव के एक व्यक्ति के यहां निमंत्रण में गई थी। आरोप है कि वहां गांव के ही एक व्यक्ति ने नशे की हालत में पीड़िता से मोबाइल की मांग की और छेड़छाड़ करते हुए देर तक उसे गलत नियति से घूरता रहा। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवती से छेड़खानी, केस दर्ज

कौड़िया के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसकी बेटी शनिवार की शाम घर से शौच के लिए गई थी। घर लौटते समय रास्ते मे गांव का ही एक युवक ने उसका हाथ पकड़कर घसीटा और गन्ने के खेत की तरफ ले जाने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपित हाथ छोड़कर भाग निकला। थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना दारोगा अमरजीत सोनकर को सौंपी गई है।

**एक नजर**

### पानी निकासी के विवाद में दो पक्ष भिड़े, महिला घायल

**करनैलगंज :** बरसात का पानी निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया। कोई ईंट तो कोई लाठी लेकर मारने लगा। आरोप है कि मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि चोटिल महिला दिन भर थाने पर ही बैठी रही। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत बालपुर चौकी क्षेत्र के सोनहरा बुधई पुरवा निवासी सीता तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा कि बरसात का पानी निकलने को लेकर गांव के ही चार पांच लोग लाठी डंडा लेकर उसको मारने पीटने लगे। मारपीट में उसका सिर फट गया। वह थाने पर शिकायत करने गई तो उसे दिन भर थाने में ही बैठाए रखा। न मेडिकल कराया गया न ही कोई कार्रवाई की गई। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है, दोनों तरफ के लोगों पर कार्रवाई की गई है।

### कस्तूरबा स्कूल में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा :** तीन माह पहले कौड़िया थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनगाई से चोरी हुए एलसीडी व बैटरी सहित खरगुपुर के भुलईडीह निवासी आरोपित सुनील कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी व माल बरामदगी पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजेश कुमार दुबे, आरक्षी सत्येंद्र यादव व होमगार्ड रविन्द्र मिश्र द्वारा की गई।

### शिविर में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**रुपईडीह, गोंडा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लॉक रुपईडीह मुख्यालय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस शिविर में ब्लॉक के विभिन्न राजस्व गांवों को मिलाकर 125 सफाई मित्रों की चिकित्सा अधिकारियों की गठित टीम द्वारा जांच की गई। टीम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा वीर बहादुर सिंह व फार्मासिस्ट वारिस अली शामिल रहे। एडीओ आईएसबी आजम खान, उप्र ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लखनलाल पासवान, फूलचंद, बबलू तिवारी, पंकज शुक्ल, अशोक गुप्त, विजयानंद तिवारी, रामकृपाल, उदयराज, विनोद आदि लोग उपस्थित रहे।

### पानी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा

**रुपईडीह।** ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत रनियापुर में निर्मित हो रही पानी की टंकी का निर्माण अधूरा रहने की शिकायत प्रधान पति जय जय राम ने जिला विकास अधिकारी से की है। उनके इस शिकायत पर जिला विकास अधिकारी ने शीघ्र ही मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा इटियाथोक रेल खंड पर रविवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि ग्राम कोनगवा की महिला मायावती (60) पत्नी राम अधार सुभागपुर इटियाथोक रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक के किनारे सौंच निकालने गई थी। कान से कम सुनने के कारण ट्रेन की आवाज वह नहीं सुन सकी जिससे ट्रेन की चपेट में आ गयी। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। काफी देर बाद जब लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**सार-संक्षेप**

### सामाजिक बुराई से बचने को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**गोंडा :** रविवार को चिल्ड्रेन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने समाज में बुराई से दूर रहें संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली। बच्चों की जागरूकता रैली फैजाबाद रोड स्थित सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज से शुरू होकर मुस्लिम मुसाफिरखाना होते हुए अब्दुल हमीद चौक पहुंची, वहां से जलाली मस्जिद और मछली मंडी होते हुए नगर पालिका कार्यालय से वापस सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंची। रैली मे बच्चे जो तख्तियां लेकर चल रहे उन में लिखा था, 'अभद्रता से समाज नष्ट होता है', मोबाइल फोन का अधिक उपयोग, रिश्तों की कमजोरी, जुए में जीत, खुद की हार, हया बनाए रखें, खुद को संवारें, अजनबियों से दूरी बनाए रखें, अपनी मां को सब कुछ बताएं। 'दहेज मुक्त समाज, समृद्ध समाज, सच बताओ चाहे कड़वा हो।' रैली में अलहुदा पब्लिक स्कूल, सर सैय्यद मार्डर्न एकेडमी, सर सैय्यद मांटेसरी स्कूल, अरक़म पब्लिक स्कूल, मदरसा अनवारुल इत्तेहाद और एम्स इंटरनेशनल स्कूल शामिल थे। जमात-ए-इस्लामी हिंद के अमीरे मुकामी फैज बारी ने बताया कि जमात इस्लामी हिन्द के खवातीन विंग के तहत एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि इसका मक़सद आज़ादी के नाम पर बढ़ रही सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध लोगों को जागृत करना है ताकि स्वतंत्रता के नाम पर अनैतिकता, व्यभिचार, जुआ, शराब आदि से बचकर उच्च नैतिकता के गुणों को बढ़ाया जा सके। इस दौरान सुहेब इल्यासी, सादिक़ ज़फर, शहबाज़ अहमद, ईमान गोंडवी, कमाल अब्बास, आकिफ एडवोकेट, उसैद अली खान, जमशेद वारसी, फहीम सिद्दीकी, नदीम सिद्दीकी, फरहान आकिब खान, मुजीब सर, काजी अनवर, फहीम अहमद, कलीम खान उर्फ सोनो, हसन मोहम्मद गुड्डु, मुबीन खान सहित उपस्थित रहे।

### नैनो यूरिया का करें प्रयोगः डॉ. डीके सिंह

**गोंडा :** जिले के कृषि भवन सभागार में इफको नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी आधारित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इफको के मुख्य क्षेत्र प्रबंधक डॉ डीके सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में इफको के अधिकृत आईएफएफ डीसी एग्री जंक्शन, सहकारी समितियों एवं केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के उद्यम कर्मचारियों व किसानों को इफको के नैनो उत्पादों (तरल नैनो यूरिया प्लस, डीएपी व सागरिका) के प्रयोग विधि व उससे फसल उपज में होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि किसानों का आज भी इफको पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा, जल, हमारे पास उपलब्ध संसाधन व स्वास्थ्य को बचाने व खेती की लागत को कम करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। साधन सहकारी सचिवों से किसानों को नैनो तरल उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी। डॉ राम लखन यादव ने मृदा परीक्षण करा कर संतुलित उर्वरक एवं उन्नतिशील बीजो के प्रयोग करने की सलाह दी। इफको के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ आनंद श्रीवास्तव ने इफको के नए उत्पाद, विपणन नीति एवं आगामी कार्ययोजना पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम लोग स्मार्ट उर्वरक की तरफ बढ़ रहे है। उन्होंने सचिवों से कहा कि किसानों को खेती की तकनीकी रूप से जानकारी दे जिससे किसानों को कम लागत में अधिक लाभ हो। नैनो उत्पादों के प्रयोग से फसलों में खरपतवार कम उगते है क्योंकि नैनो उत्पाद का जड़ो में न जाकर पत्तियों पर झिड़काव किया जिससे खरपतवार उगने की संभावना अपेक्षाकृत कम रहता है। इस अवसर पर नवीन सक्सेना, महेश कुमार गुप्ता, दिनेश सिंह, संदीप सिंह, शशांक मिश्रा आदि रहे।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**बेलसर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 114 वां एपिसोड का कार्यक्रम नगर पंचायत बेलसर के वार्ड नं 16 चांदपुर में सुना गया। भाजपा अवध क्षेत्र के सह संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ राजेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात लोगों ने सुनी। इसमें स्वच्छता, वृक्षारोपण अभियान पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री के अमेरिका यात्रा के दौरान भेंट की गई कलाकृतियों के बारे में मदुरई की सुभाषिनी ने हर्बल गार्डन के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जसवंत लाल सोनकर, भाजपा नेता आशीष सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, नरेंद्र सोनकर, पूर्व प्रधान अनिल पांडेय, बूथ अध्यक्ष राजाराम शुक्ला, अशोक शुक्ला, ननकू पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अग्रसेन जयंती समारोह साइकिल दौड़ प्रतियोगिता से शुरू



खुशी जताते प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती समारोह पर रविवार को पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन साइकिल दौड़ प्रतियोगिता के बाद दोपहर 2:00 से जवाहर नेहरू स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन नवीन गल्ला मंडी में हुआ, जिसमें बालक जूनियर में रिशित अग्रवाल को प्रथम कार्तिक अग्रवाल को द्वितीय और कार्तिक केडिया को तृतीय पुरस्कार, वहीं बालक सीनियर में हनू सोमानी को प्रथम, श्रीष मित्तल को द्वितीय और भव्य खेतान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी तरह बालिका वर्ग जूनियर में विति सिंघल को प्रथम, मायरा खेतान को द्वितीय और निशिका केडिया को तृतीय पुरस्कार और बालिका सीनियर में श्रेया नेवटिया को प्रथम राधया मित्तल को द्वितीय और आस्था अग्रवाल को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में महिला वर्ग सीनियर में रजनी केडिया- नुपूर मोदी विनर और कोमल पचेरिया - शिल्पी गर्ग रनर हुईं।महिला वर्ग जूनियर में पूजा मित्तल, श्रेया जालान, आद्या अग्रवाल, समृद्धि अग्रवाल, स्वाति सिंघल, रोली पचेरिया, यशी अग्रवाल, एकांशी अग्रवाल, यशी पचेरिया, महक पचेरिया बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। और पुरुषों ग्रुप में राम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, वरुण मोदी, अमित कुमार गर्ग, उमेश शाह, अनिल कुमार मित्तल, डॉ आलोक अग्रवाल, पुनीत सिंघल, ऋषभ सिंघल, सार्थक मोदी, अनंत तुलस्यान, अनमोल, जोशी, आदित्य जोशी, आदित्य सिंघल, निखिल शर्मा, हिमांशु तायल, निखिल अग्रवाल, आदित्य सिंगल, निखिल शर्मा, शुभ अग्रवाल, यथार्थ अग्रवाल, कृष अग्रवाल, पार्थ अग्रवाल ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निखिल वाधवानी, नितिन वाधवानी, वरदान रायतानी, गिरधर रायतानी, विनय रायतानी, अनिल रायतानी और गुरदीप वाधवानी ने रेफरी का रोल निभाया। कार्यक्रम अग्रवाल नवयुवक संघ के बैनर तले मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया गया, जिसमें मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय सदस्य विकास जैन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन**

रामलीला में ताड़का वध, मारीच दरबार व नगर दर्शन की लीलाएं मंचित

# ताड़का वध होते ही भक्तों ने किया जय श्रीराम का जयघोष


रामलीला का दृश्य। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज के प्रसिद्ध श्रीराम लीला महोत्सव में शनिवार की रात मुनि आगमन, ताड़का वध, मारीच दरबार, अहिल्या उद्धार व पुष्प वाटिका की लीलाएं मंचित की गई।

रामलीला मंचन में दिखाया गया कि राक्षसों के अत्याचार से परेशान होकर गुरु विश्वामित्र अयोध्या जाते हैं और महाराज दशरथ से उनके दो पुत्रों राम और लक्ष्मण को यज्ञ रक्षा के लिए मांगते हैं। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा ने राम, लक्ष्मण को उनके साथ भेज देते हैं। मार्ग में ताड़क वन में ताड़का नामक राक्षसी सो रही थी और उसका सेवक चिरपोटन उसकी आरती कर रहा था। जागने पर ताड़का आमिष मदिरा का सेवन कर उन्मत्त हो उठी। विश्वामित्र के संकेत पर राम ने उसका संहार कर दिया। "एकहिं बान प्रान हरि लीन्हा, दीन जानि प्रभु निज पद दीन्हा"। ताड़का वध होते ही जय श्री राम के जयघोष होने लगे। अगले सीन में मारीच और सुबाहु अपने दल बल के साथ अपने बाहुबल की प्रशंसा करते दिखे। लीला में महंत गिरिजा शंकर गिरि, चंद्र कुमार शुक्ल, दिलखुश वैश्य, मनु यज्ञसेनी, अतुल पटवा, आलोक वैश्य, अंकित वैश्य, संजय साहू, अभिषेक पुरवार, कमल वर्मा, कैलास सोनी, कन्हैया लाल वर्मा, मनीष भट्ट आदि ने अभिनय किया।

## आगामी त्योहारों में डीजे का प्रयोग न करने की अपील

**करनैलगंज :** शारदीय नवरात्र, रामलीला व दशहरा पर्व के मद्देनजर कोतवाली करनैलगंज में पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व सीओ ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों को संपन्न करने के लिए आयोजकों के साथ चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में उप जिलाधिकारी भारत भार्गव ने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होनी चाहिए। दुर्गा पूजा पंडाल में आग व बिजली से बचाव सहित सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होने चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने आयोजन में डीजे का प्रयोग न करने की अपील की।

# त्योहारों पर चलेंगी 158 पूजा विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार:** दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर रेल यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से/होकर कुल 158 पूजा विशेष ट्रेनें 1,198 फेरों में चलाई जा रही हैं, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से 89 पूजा विशेष ट्रेनें 740 फेरों में तथा 69 पूजा विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमख नगरों के लिये 458 फेरों में चलाई जा रही हैं। यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुये प्रतिवर्ष चलाई जाने वाली पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या से इस वर्ष इन विशेष ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है।

ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष दशहरा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश एवं बिहार की ओर आते हैं। उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लोगों के लिये ये त्यौहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक विशेष अवसर होते हैं। प्रतिवर्ष त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ के कारण अधिकांश ट्रेनों में टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की सुविधा हेतु इस वर्ष भारी संख्या में विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में, रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09031/09032 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर-दहानू रोड त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 03, 10, 17, 24, 31 अक्टूबर तथा 07, 14, 21 एवं 28 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा गोरखपुर से 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक शनिवार को 09 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 09031 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 03, 10, 17, 24, 31 अक्टूबर तथा 07, 14, 21 एवं 28 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार को बान्द्रा टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 12.40 बजे, पालघर से 13.34 बजे, दहानू रोड से 14.06 बजे, वापी से 14.36 बजे, वलसाड से 14.52 बजे, उधना से 15.50 बजे, भरुच से 17.12 बजे, वडोदरा से 18.30 बजे, गोधरा से 19.32 बजे, रतलाम से 22.45 बजे, दूसरे दिन उज्जैन से 00.50 बजे, खलीलाबाद से 19.31 बजे छूटकर गोरखपुर 21.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 09032 गोरखपुर-दाहानू रोड त्यौहार विशेष गाड़ी 05, 12, 19, 26 अक्टूबर तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, उधना से 10.35 बजे, वलसाड से 11.27 बजे तथा वापी से 11.48 बजे छूटकर दहानू रोड 12.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 12, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# राष्ट्र को समर्पित था भाईजी का जीवन: योगी

संवाददाता, गोरखपुर




▸▸ **धार्मिक पत्रिका कल्याण के संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' की 132वीं जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' का पूरा जीवन धर्म, लोक और राष्ट्र कल्याण को समर्पित था। अपने समय में उन्होंने जीवन के प्रत्येक पक्ष में समाज का मार्गदर्शन किया। आज हम अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर भाईजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी सकते हैं।

सीएम योगी रविवार सायंकाल गीता वाटिका में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' की 132वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धार्चन सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक जगत का कैसा कोई कार्य गत सदी में नहीं है जिसमें कम से कम 70 वर्ष के कालखंड में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भाईजी की सहभागिता न रही हो। गोरखपुर को उन्होंने अपनी साहित्यिक साधन का केंद्र बनाया। 1927 में धार्मिक-आध्यात्मिक पत्रिका कल्याण का गोरखपुर से प्रकाशन शुरू करने वाले इसके आदि संपादक भाईजी ने कल्याण को न केवल हर सनातनी के घर पहुंचाया बल्कि इसे सदगृहस्थ जीवन के लिए मार्गदर्शिका बनाया। देश-दुनिया के सनातनियों के घर अगर कल्याण पत्रिका पहुंची तो इसका श्रेय भाईजी को ही जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साधना का एक पक्ष होता है। जिस भाव से हम साधना करेंगे परिणाम भी उसी के अनुरूप आएगा। भाईजी की साधना में धर्म, लोक और राष्ट्र कल्याण का भाव था। उन्होंने आजादी के आंदोलन में भी भाग लिया। इसके लिए ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें यातना दी, प्रताड़ित किया कल्याण पत्रिका को जब्त भी किया। इसके बावजूद स्वाधीनता आंदोलन के दौर में ऐसा कोई प्रबुद्ध नेता या प्रबुद्ध क्रांतिकारी नहीं था जो भाई जी के संपर्क में न रहा हो। उन्होंने साहित्य साधना से आजादी के आंदोलन को आगे बढ़ाया।

# बारिश से नदियां उफान पर, लोगों में दहशत

## बाढ़ की चपेट में 2 दर्जन गांव, घरों में घुसा पानी, सड़कें जलमग्न

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बाढ़ के पानी से डूबी सड़क।



प्लायन को मजबूर ग्रामीण।

**अमृत विचार:** 3 दिन से लगातार बारिश के बाद जिले में जल प्रलय की स्थिति बन गई है। पहाड़ों पर हुई लगातार बारिश के चलते नदियां भी अपने रौद्र रूप में आ गई हैं। बूढ़ी राप्ती नदी जहां डैंजर लेबिल से दो मीटर से अधिक ऊपर चली गई है। वहीं कूड़ा और घोघी नदियां भी खतरा बिंदु से ऊपर बह रही है। राप्ती नदी पिछले 24 घंटों में 60 सेमी से अधिक बढ़ी है। उसके भी देर शाम तक खतरा बिंदु पार कर जाने की आशंका है। जिले के एक दर्जन प्रमुख मार्गों पर पानी चढ़ गया है। दर्जनों गांवों में पानी घुसने से स्थिति खराब हो गई है।

डेनज खंड की ओर से जारी विज्ञिप्ति के अनुसार वर्तमान में बूढ़ी राप्ती नदी अपने खतरा बिंदु 85.650 के सापेक्ष 87.670 मी. पर बह रही है। इसके अलावा कूड़ा नदी आलमनगर गेज पर 87.200 के सापेक्ष 87.670 और घोंघी नदी 87.00 के सापेक्ष 87.300 जबकि जिले की सबसे बड़ी नदी राप्ती 84.900 के सापेक्ष अभी 83.900 पर बह रही है। हालांकि वह अभी डैंजर लेबिल से नीचे है लेकिन वह जिस तेजी से बढ़ रही है। उसे देख कर लगता है कि आज देर शाम या रात तक वह भी डैंजर लेबिल अवश्य पार कर जायेगी। इसका कारण जिले में तीन दिन तक हुई भारी वर्षा तो है ही, नेपाल के पहाड़ों पर हुई वर्षा भी है। जिसके कारण लोग बाढ़ के लम्बा खिंचने की आशंका में डरे हुए हैं।

बाढ़ से अभी दो दर्जन गांव के पानी से घिरने की की खबर है। जिसमें ताल नटवा ताल बगहिया, मारूखर, लेदवा, संकटागढ़, गदुराही, दुल्हा, अनंदापुर, बनौली, लिलाडीह, दुल्हा जनूबी आदि प्रमुख हैं। इनमें लेदवा गांव की हालत बहुत खराब है। बानगंगा नदी के तट पर बसे इस गांव के हर घर में पानी घुस गया है। लोगों के खद्यान्न तक भीग गये हैं। उनके सामने खाने का संकट खड़ा हो गया है। गाव की हंसा देवी बताती है की गांव में बाढ़ रात के तीन बजे घसी। इसलिए किसी को कुछ बचा पाने का मौका ही नहीं मिला।

बाढ़ के अचानक आने से जिले के प्रमुख मार्गो सहित एक दर्जन सड़के पानी में डूब गई हैं। नेपाल को जोडने वाला बस्ती- बढ़नी हाइवे पर ढेबरूआ व इटवा के बीच में बूढ़ी राप्ती की पानी चढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा कारण से इस मार्ग, ककरहवा से लुम्बिनी मार्ग सड्डा से नोनाहवा मार्ग एंव दुल्हा से ड़फलीपुर मार्ग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पे पानी चढ़ने से आवागमन बाधित है। इसके अलावा ताल बगहिया सम्पर्क मार्ग, महथावल सम्पर्क मार्ग जैसे एक दर्जन मार्गों पर पानी होने के कारण ग्रामीण जनजीवन पर भारी प्रभाव पड़ा है। जिलाधिकारी ने राजस्वकर्मियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर रखने को कहा है।



पानी से होकर गुजरने को मजबूर लोग।

**बाढ़ की स्थिति भयावह, प्रमुख सड़कों पर भरा पानी**

ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: लगातार मूसलाधार बारिश से जिले की सभी नदियां उफान पर है। पहाड़ी नाले भी खतरे के निशान से ऊपर जा रहे है। वहीं, नदियों का जलस्तर खतरे की निशान को पार कर गया है। जिले में दूसरी बार बाढ़ के दस्तक से हाहाकार मचा हुआ है। कई गांव मैरुण्ड है और किसानों के फसल भी पुरी तरह जलमग्न है। नेपाल के पहाड़ों पर हुई बारिश से तेजी से बढ़ते जलस्तर से ककरहवा से लुम्बिनी मार्ग सड्डा से नोनाहवा मार्ग एंव दुल्हा से ड़फलीपुर मार्ग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पानी चढ़ने से आवागमन बाधित है। दरअसल जिले में बहने वाली अधिकतर लगभग सभी नदियां नेपाल की पहाड़ियों से निकली है। इससे नेपाल में बारिश होते ही सभी उफान पर आ जाती है। पिछले तीन दिनों से नेपाल की पहाड़ियों में हो रही बारिश से नदियों एंव नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से तटवर्ती गांवों के लोगों में दहशत का माहौल है। दलदलहा, केवटालिया, दुल्हा, अनंदापुर, बनौली, लिलाडीह, दुल्हा जनूबी आदि दर्जनों गांव बुरी तरह से प्रभावित है।

**बाढ़ में लोगों की सुरक्षा के लिए सजग रहें अधिकारी**

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। अमृत विचार: विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा शोहरतगढ़ में बाढ़ से उत्पन्न भयावह स्थिति के बीच बिजली आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के साथ-साथ पोल, तार व ट्रांसफॉर्मर सम्बन्धित समस्याओं को अधीक्षण अभियन्ता सिद्धार्थनगर एवं अधिशासी अभियन्ता को संज्ञान में देकर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। पानी के जमाव के कारण कई विषैले जहरीले जीव-जन्तुओं से बचाव तथा लोगों की रक्षा-सुरक्षा की प्राथमिकता में रखने हेतु भी अधिकारियों की सजगता निहित है। वहीं विधायक ने अपनी जनता से आग्रह है कि आवश्यकतानुसार जल्द से जल्द पोल, तार एवं ट्रान्सफॉर्मर को बदला जाये एवं साथ ही बिजली की आपूर्ति सभी जगहों पर सुचारू रूप से हो, इस परिस्थिति में बिजली काटने की समस्या उत्पन्न ना हो।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थिति पर कटेगा वेतन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

▸▸ **बीडीओ ने सफाई कर्मचारियों को दी चेतावनी, कहा-लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार:** दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जाने वाले अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग जुटा है। शनिवार को डुमरियागंज ब्लॉक सभागार में कार्य एवं दायित्व निर्धारण के अंतर्गत पंचायत विभाग द्वारा पंचायत सहायक, ग्राम विकास अधिकारी, सफाई कर्मचारी का ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जो कर्मचारी अनुपस्थित रहे उनका बीडीओ द्वारा वेतन रोकने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ अमित सिंह ने पिछले अभियान में यूनिसेफ की ओर से दिए गए फीडबैक के अनुसार संबंधित सफाई कर्मचारियों को चेतावनी दिया गया। उन्होंने कि इस बार किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। खासकर ग्राम मेंही हरदो, बयारा, भड़रिया, जबजौआ, सिकहरा, रेहरा, कठवतिया आलम, पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने ब्लॉक कर्मियों से इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग देने का आवाहन किया। बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर ने बताया कि नाली सफाई, छिड़काव झाड़ी को साफ करना, दूषित जल उगल रहे हैंडपंप को लाल रंग से चिन्हित करना, तथा ग्राम निगरानी समिति के माध्यम से दिमागी बुखार एवं मच्छर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में नियंत्रण जागरूकता स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। अभिमुखीकरण प्रशिक्षण में जो कर्मचारी अनुपस्थित रहे उनका बीडीओ द्वारा वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सीएचसी बेवा के चिकित्सक डाक्टर राजेश कुमार, एडीओ पंचायत जीतेंद्र त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित तिवारी, सचिव अंकित त्रिपाठी, शिवअजर, राहुल सिंह, हरिशंकर सिंह, पंकज कुमार, राजदेव मिश्रा, लवकुश प्रसाद, बृजेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# चायनीज लहसुन का तस्करी का वीडियो वायरल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** जिले के खुनुवां बार्डर से चायनीज लहसुन का तस्करी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताते चले कि सुरक्षा एजेंसियों के बीच से तस्करी हो रही है। ऑटो में भरकर नेपाल से भारत लहसुन लायी जा रही है। कुछ सप्ताह पूर्व सुरक्षा एजेंसियों ने भारी मात्रा में चायनीज लहसुन बरामद किया था। भारत नेपाल सीमा पर कार्यवाही होने पर भी तस्कर सक्रिय दिखाई दे रहे है। लहसुन तस्करी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। खुनुवां बॉर्डर से नेपाल से भारत चायनीज लहसुन लाने का वायरल वीडियो बताया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि



श्रद्धाजंलि अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** जनसंख्या के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में जिले के सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने प्रखर राष्ट्रवादी उत्कृष्ट संगठन करता एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल की जयंती पर उन्हें कोटिश नमन कर अंत्योदय दिवस की सभी जनपदवासियो को शुभकामनाएं दिया। जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने भी नमन किया। जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय के अनुसार उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, अरविंद उपाध्याय, जिलाअध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, विक्की रस्तोगी, रमेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहें।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**संवाददाता, ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** मोहना थाना क्षेत्र स्थित ककरहवा चौकी पर पीस कमेटी बैठक संपन्न हुआ। दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली के त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को की गई। ककरहवा चौकी इंचार्ज राकेश त्रिपाठी के अध्यक्षता मे की गई पीस कमेटी की बैठक मे त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। चौकी इंचार्ज ने कहा कि दुर्गा पूजा समिति की ओर से सभी लोग त्योहार को आपस में मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाएं। डीजे की ध्वनि मानक रूप से बजायें, पंडाल मे बिजली की नंगी तार ना हो पंडाल मे बालू एंव आग बुझाने की सामग्री हो। इस दौरान राकेश पांडेय, बाल मुकुंद जयसवाल, विजय प्रताप, पवन कौशल, मंटू मोदनवाल, अतीउल्लाह, बृजलाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सर्पदंश से वृद्ध की मौत

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** बांसी कोतवाली क्षेत्र के बिशुनपुर मुस्तहकम गांव में शनिवार की रात सांप के डंसने से एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के बिशुनपुर मुस्तहकम निवासी 65 वर्षीय पलटन मौर्य पुत्र धनराज शुक्रवार की रात बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे एक सांप ने उनकी अंगुली में डंस लिया। परिजनों को सांप के डंसने की आशंका हुई और डायल 108 पर फोन किया। एंबुलेंस के देर से आने पर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां तीन बजे के आसपास हालत में सुधार न होने पर पलटन को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### बच्चों का प्रवेश न लेने पर प्रबंधक व प्रधानाचार्य को नोटिस

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार:** डुमरियागंज तहसील में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पिपरा निवासी सुनील कुमार ने शिकायती पत्र सौंपा। आरोप लगाया कि श्रीराम जानकी इंटर कालेज गिरधरपुर कुनगाई में बच्चों का प्रवेश नहीं लिया जा रहा है। डीएम के निर्देश का अनुपालन करते हुए डीआईओएस सोमारू प्रधान ने प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य को नोटिस दिया है। बच्चों का प्रवेश न करने पर विधिक कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। डुमरियागंज के ग्राम पिपरा निवासी सुनील कुमार ने शिकायती पत्र में अवगत कराया कि इस विद्यालय के प्रबंधक, इसी में प्रधानाचार्य पद पर तैनात थे। उन्होंने अपने एक लड़के की फर्जी नियुक्ति कर ली हैं। विद्यालय से घर आधा किलोमीटर है। प्रवेश न लेने से परेशानी हो रही है। प्रवेश न लिये जाने के कारण डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डीआईओएस को निस्तारण कराने का निर्देश दिया। जिविनि सोमारू प्रधान ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य को नोटिस देते हुए लिखा है कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2005 के अध्याय-2 में यह स्पष्ट है 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक को, जिसमें धारा दो के खण्ड (घ) या खंड (ड) में निर्दिष्ट कोई बालक भी सम्मिलित है, उसकी प्रारम्भिक शिक्षा पूरी होने तक किसी आसपास के विद्यालय में निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार होगा।

### पोस्टर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार:** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में अष्टम दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सप्ताहिक कार्यक्रमों के क्रम में रविवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक विभाग ने प्रकृति हमारी धरोहर निर्धारित किया था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. सरिता सिंह ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. दिनेश प्रसाद एवं डॉ. मनीषा बाजपेयी रहे। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार कलावती, द्वितीय पुरस्कार खलिर्रहमान एवं स्वाति त्रिपाठी, तृतीय पुरस्कार महक कसौधन एवं अलार्षिता त्रिपाठी तथा सांत्वना पुरस्कार ख़ुशी गुप्ता एवं प्रिया गौड़ को प्रदान किया गया। प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. नीता यादव उपस्थित रहीं।

# बॉस्केटबॉल में रेलवे की महिला टीम जीती

संवाददाता, गोरखपुर



जीत के बाद ट्रॉफी के साथ महिला बॉस्केटबॉल टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय क्षितिज पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। 25 से 28 सितम्बर, 2024 तक गिदड़बाहा, पंजाब में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय आमंत्रण बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम ने बेंगलुरु को 57-49 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम द्वारा माह सितम्बर, 2024 में अखिल भारतीय स्तर पर जीती गई, यह दूसरी ट्राफी है।

बता दें कि 21 से 23 सितम्बर, 2024 तक फरीदकोट, पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय आमंत्रण बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। नॉकआउट दौर के खेले गये मैचों में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला बास्केटबॉल टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये राजस्थान पुलिस को 63-37 तथा सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम को 73-59 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता में पूर्वोत्तर रेलवे की टीम में संगीता दास, श्रुति यादव, मेघा सिंह, अश्वथी सी.पी., संजू यादव, जैसमीन कौर एवं शमा परवीन थीं। बास्केटबॉल टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में मैनेजर राजेश यादव, मुख्य कोच भंवर सिंह तथा सहायक कोच आशुतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने को किया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर

▸▸ **पूर्वोत्तर रेलवे पर लगाए गये कुल 6.30 लाख पौधे**

**अमृत विचार:** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बेहतर प्रयास के रूप में हरियाली फैलाने के लिये प्रधानमंत्री ने देशभर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर पौधारोपण सतत प्रक्रिया के रूप में किया जाता है। इसके अन्तर्गत मुख्यालय, मंडलों तथा अन्य रेल परिसरों में लाखों की संख्या में रेल भूमि पर पौधे लगाये जा रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2024-25 में माह अगस्त, 2024 तक इस रेलवे पर कुल 1.58 लाख पौधे लगाये गये हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे पर पौधारोपण का कार्यक्रम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है, वर्ष 2023-24 में वाराणसी मंडल पर 2.05 लाख, लखनऊ मंडल पर 2.45 लाख एवं इज्जतनगर मंडल पर 1.80 लाख पौधे लगाये गये। इस प्रकार पूर्वोत्तर रेलवे पर कुल 6.30 लाख पौधे लगाये गये। एक पेड़ माँ के नाम' लगाने के लिये रेलकर्मियों को जागरूक किया जा रहा है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 सितम्बर, 2024 को गोरखपुर स्टेशन परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाया तथा अन्य रेलकर्मियों को भी 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक श्री दिनेश कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी 'एक पेड़ माँ के नाम' पर लगाया। 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2024 तक मनाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत प्रतिदिन रेल अधिकारी एवं कर्मचारी 'एक पेड़ माँ के नाम' पर लगा रहे हैं। पौधारोपण रेलवे की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है। प्रत्येक वर्ष जब भी रेलवे पर कोई निरीक्षण अथवा कोई कार्यक्रम होता है, उसमें पौधारोपण एक अभिन्न हिस्सा की तरह सम्मिलित होता है। पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों में खाली पड़ी भूमि पर भी पौधा लगाने का कार्य निरन्तर जारी है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# दुर्गा पूजा के पंडालों में सुरक्षा की हो व्यवस्था

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

▸▸ **पुलिस अधिकारियों ने कस्बे के लोगों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार:** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ व ग्रामीण क्षेत्र नवरात्र एवं विजय दशमी को लेकर कस्बे के लोगों के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक रविवार सम्पन्न हुई।

थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवरात्र एवं विजयदशमी को कस्बे में लगने वाले दुर्गा पूजा के पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना होगा। दुर्गा मूर्तियों के विसर्जन के दिन लोगों को डीजे बजाने पर जो भी नियमावली है उसका ध्यान रखना पड़ेगा। पंडालों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। थानाध्यक्ष ने लोगों को शान्तिपूर्ण तरीके एवं भाईचारे से त्योहार मनाना चाहिए। इस सम्बन्ध में पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुणकान्त सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि के पर्व में सभी लोग शान्तिपूर्ण तरीके से एवं भाईचारे से मनायें। इस दौरान थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, खुनुवां चौकी प्रभारी जगत नारायण यादव, एसआई श्याम मोहन त्रिपाठी, एसआई सत्येन्द्र कुमार, एसआई अशोक कुमार, एसआई राम शंकर पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहें।

# ग्रामीणों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर



**अमृत विचार :** विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत कर्मा बूथ के ग्राम साधुनगर में जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा के साथ ग्रामीणों ने महीने के आखिरी रविवार 29 सितम्बर के 114वें एपीसोड कार्यक्रम में 'मन की बात' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात सुनीं। पीएम मोदी ने कहा कि 2 अक्तूबर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनन्दन का है, जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आन्दोलन बना दिया। ये महात्मा गांधी को भी सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनपर्यंत, इस उद्देश्य के लिए समर्पित रहे।

उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, नमस्कार। 'मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 'मन की बात' के करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरन्तर सहयोग मिलता रहा। त्योहारों के इस मौसम में आप फिर से अपना पुराना संकल्प भी जरूर दोहराइए। कुछ भी खरीदेंगे, वो 'मेड इन इंडिया' ही होना चाहिए। आपको अपने क्षेत्र में बने स्थानीय उत्पादों को ज्यादा-से-ज्यादा प्रमोट करना चाहिए। इस दौरान उमेश कुमार, राजेश कुमार शुक्ल, गंगाराम, राकेश कुमार, दीपक कुमार आदि लोग मौजूद रहें।

**कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात**

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अन्तर्गत बर्डपुर मंडल के बूथ संख्या 56 पर देश के प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा मोदी के नेतृत्व में 'मन की बात' की इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, किसान मोर्चा के जिला मंत्री आशीष पांडेय, संतोष शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी, रामकेश यादव, हरिराम आदि प्रमुख कार्यकर्ता व नागरिकगण उपस्थित रहे।

